## महत्वपूर्ण एवं खास

### 180000 अनियमित कर्मचारियों में भारी रोष : कैबिनेट बैठक से मायूसी हाथ लगी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में कार्यरत 180000 अनियमित कर्मचारियों को आज होने वाली कैबिनेट बैठक से बहुत आशाएं थी। जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ सरकार ने सभी वर्गों के लिए 1 माह के कार्यकाल में कुछ न कुछ दिया उसी में अनियमित कर्मचारी भी कुछ फैसलों की उम्मीद में आज भी लगे हुए थे। विगत दिनों मुख्यमंत्री ने अनियमित कर्मचारियों के सम्बंध में बड़े फैसले लेने की बात छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारियों से कही थी साथ ही जन संवाद सह महासम्मेलन के लिए अपनी सहमति दी थी लेकिन मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरे के कारण जन संवाद कार्यक्रम को अनियमित कर्मचारियों को स्थगित करना पड़ा।

### लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रभारियों की सूची जारी

रायपुर (आरएनएस)। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने जिलेवार अपने मंत्रियों को प्रभार सौंपा है। जिसके तहत उमेश पटेल को रायगढ़, जशपुर, मंत्री जयसिंह अग्रवाल को कोरबा एवं कोरिया, मंत्री शिव डहरिया को रायपुर और बलौदा बाजार, मंत्री अनिला भेड़िया को कांकेर और बालोद, मंत्री ताम्रध्वज साहू को दुर्ग एवं बेमेतरा मंत्री रविंद्र चौबे को बिलासपुर, मुंगेली, मंत्री टीएस सिंहदेव को सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर, मंत्री रूद्र गुरू को धमतरी, गरियाबंद महासमुंद, मंत्री कवासी लखमा को बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सभी जिले कोंडागांव नारायणपुर दंतेवाड़ा बीजापुर, मंत्री मोहम्मद अकबर को कबीरधाम एवं राजनांदगांव तथा मंत्री डॉक्टर प्रेमसाय सिंह को जांजगीर चांपा का प्रभारी बनाया गया है।

### एसआईटी ने अमीन मेमन से की पुछताछ

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश के बहुचर्चित टेपकांड मामलें में एसआइटी की टीम ने मंगलवार देर शाम गवाह बनाए गए अमीन मेमन पुछताछ की। टेपकांड में मामलें में गवाह बनाए गए अमीन मेमन को दो दिन पूर्वएसआईटी ने नोटिस भेजकर पुछताछ के लिए बुलाया था किंतु स्वाथ्यगत कारणों से मेमन दो दिनों बाद मंगलवार देर शाम रायपुर एसआईटी कार्यालय में पुछताछ के लिए पहुंचे जहां देर रात तक अमीन मेमन से पुछताछ चलती रही। ज्ञात हो टेपकांड मामले में एसआईटी ने इसके पहले मंतूराम पवार तथा मुख्य गवाह फिरोज सिद्दीकी से पुछताछ की थी।

### राहुल गांधी जगदलपुर एयरपोर्ट पहुंचे, सीएम ने किया आत्मीय स्वागत

रायपुर (आरएनएस)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी आज सवेरे 10.40 बजे जगदलपुर एयरपोर्ट पहुंचे, यहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनका आत्मीय स्वागत किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा सहित विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों ने गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया। राहुल गांधी इसके बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ ओडिसा के कालाहांडी जिले के भवानीपटनम के लिए रवाना हुए।

### चतुर्थ वर्ग में अनुकंपा नियुक्ति के लिए 51 वर्ष के व्यक्ति भी हकदार

**आवेदक ने 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद एक बार फिर से आवेदन दिया**

बिलासपुर (आरएनएस)। हाईकोर्ट ने चतुर्थ वर्ग में अनुकंपा नियुक्ति के लिए 51 वर्ष के व्यक्ति को हकदार मानते हुए पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। जिला राजनांदगांव के विकासखंड डोंगरगढ़ के गुड़िया मोहरा में कार्यरत शहनाज बेगम शिक्षाकर्मी वर्ग 1 की मृत्यु 27 दिसंबर 2013 को हो गई थी। उनके पति शेख कलीम 8वीं पास द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया गया, इस पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा और अधिक शिक्षा प्राप्त करने का निर्देश देते हुए छूट भी दी गई। आवेदक ने 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद एक बार फिर से आवेदन दिया। इस पर सीईओ जिला पंचायत द्वारा आवेदन ये कह कर खारिज कर दिया गया कि आप सहायक शिक्षक पंचायत के योग्य नहीं हैं और उचित शैक्षणिक योग्यता नहीं रखते। याचिकाकर्ता कलीम ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की।

### पत्रकारों की समस्याओं को जल्द सुरक्षा-सम्मान नहीं मिला तो होगा महाधरना- अरविंद

**पत्रकारों पर हो रहे हमलों पर चिंता व्यक्त किया अवस्थी ने**

जगदलपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरबिंद अवस्थी ने पत्रकारों पर हो रहे हमलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रजातंत्र के चौथे स्तम्भ पर राजनीतिक पार्टियों के नेताओं द्वारा अपमानित करने, मारपीट करने, प्रताड़ित करने की घटनाएं लगातार हो रही है, जो निंदनीय हैं, इसका एक जुटता से मुकाबला करना होगा। भाजपा कार्यालय में रायपुर के पत्रकार साथी के साथ मारपीट हुई तो दूसरी ओऱ प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष द्वारा जांजगीर के साथियों का अपमान किया गया। ये घोर निंदनीय व पीड़ा दायक है। दोनों ही पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र लिखकर इन घटनाओं पर रोक लगाने व दोषियों पर कार्यवाही करने आग्रह किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ी फीचर फिल्म दहाड़ 8 को होगी प्रदर्शित

रायपुर (आरएनएस)। किस एन्टरटेन्मेंट और हरि ओम फिल्म के बैनर तले निर्मित छत्तीसगढ़ी फिल्म दहाड़ का प्रदर्शन 8 फरवरी शुक्रवार को श्याम टाकिज रायपुर सहित शिव टाकिज बिलासपुर, तिल्दा, सारंगढ़, भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव सहित अन्य जिलों में एक साथ होगा। उक्ताशय की जानकारी फिल्म के कलाकार एवं नायक मनमोहन सिंह ठाकुर ने प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में दी। मनमोहन ने पत्रकारवार्ता में बताया कि निर्देशक एजाज बारसी के निर्देशन में बनी यह 13वीं फिल्म है। फिल्म 4 दोस्तों द्वारा गांव में फैले भ्रष्टाचार एवं अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की कहानी है। फिल्म में निर्देशक किस कुर्रे एवं पुनीत सोनकर ने मसाला भरकर दर्शकों को आकर्षित करने के लिए बालीवुड की तर्ज में अनेक कन्टेन्ट डाले हैं।

# 2500 रुपए क्विंटल में किसानों का धान खरीदने वाला छत्तीसगढ़ देश का इकलौता राज्य-बघेल

## जशपुर जिले को 42 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज जशपुर जिले के कुनकुरी के खेल मैदान में आयोजित विशाल किसान सम्मेलन एवं नागरिक अभिनंदन समारोह को सम्बधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने गरीबों, किसानों और मजदूरों सहित समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करना शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ देश का इकलौता राज्य है, जो अपने



किसानों का धान 2500 रुपए प्रति क्विंटल में खरीद रहा है। राज्य के 16 लाख से अधिक किसानों की 6100 करोड़ रुपए की कृषि ऋण माफी की गई है। यह वायदा हमने पूरा किया है। आने वाले दिनों में सरकार अपने हर वायदे को पूरा करेगी।

मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले और कुनकुरी क्षेत्र की जनता द्वारा दिए गए समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए किसी भी तरह की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने जशपुर और कुनकुरी क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई और उन्नत खेती-किसानी के लिए प्रदेश सरकार की ओर से हर सम्भव मदद दिए जाने का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 42 करोड़ रुपए की लागत वाले विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने नीलक्रान्ति योजना के तहत् 10 मत्स्य विक्रेताओं को अनुदान सहायता पर मोटरसायकिल की चाबी एवं आईस बॉक्स भेंट करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

## बेटे और दामाद ने मिलकर वयोवृद्धा की जमीन धोखाधड़ी कर बेची-पुष्पा सिंह

**खमतराई थाने में रिपोर्ट के बाद भी पुलिस नहीं कर रही कार्यवाही**


रायपुर (आरएनएस)। जिस मां ने बच्चे को 9 माह अपनी कोख में रखकर जन्म दिया, पालन पोषण किया, शादी विवाह किया, वहीं पुत्र अरविंद सिंह द्वारा जब 85 वर्षीया वयोवृद्धा मां श्रीमती देवंती सिंह को फर्जी तरीके से 7 हजार स्क्वेयर फीट जमीन में निर्मित आवास से बाहर का रास्ता दिखाए तो इससे ज्यादा दुखद और कुछ नहीं हो सकता। उक्ताशय की पीड़ा प्रेसक्लब में चार कंधों पर कुर्सी में बैठकर पहुंची मां ने व्यथित हृदय से दी। श्रीमती देवंती की पुत्रवधू पुष्पा सिंह ने बताया कि उनके दामाद गुप्तेश्वर मिश्रा ने छलपूर्वक फर्जी स्टाम्प बनवाकर जमीन किसी और को बेच दी। लाखों की जमीन होते हुए भी आज वृद्धा को अपने ही पुत्र एवं दामाद के दुर्व्यवहार का शिकार होना पड़ रहा है। उक्त संबंध में पुष्पा ने बताया कि उन्होंने खमतराई थाने में जाकर बताया कि उनके साथ फर्जीवाड़ा हुआ है, इसके बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा वृद्धा की पीड़ा को नहीं सुना गया। शारीरिक रूप से लाचार वृद्धा ने हाथ जोड़कर रोते हुए मीडिया से उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है। पुष्पा ने बताया कि उनके पति द्वारा सास को गालियां देकर पीटा भी गया है। विरोध करने पर उन्हें भी आए दिन दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है। देवंती देवी पति स्व. रामपूजन सिंह निवासिनी सन्यासीपारा खमतराई ने पुलिस अधीक्षक नीतू कमल से दामाद एवं अरविंद सिंह के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कर उनकी भूमि में निर्मित आवास पर उन्हें कब्जा दिलाने की मांग की है।

### सीपत एनटीपीसी में हुआ बड़ा हादसा, 5 मजदूर गंभीर रूप से घायल, एक की हालत गंभीर

बिलासपुर (आरएनएस)। सीपत स्थित एनटीपीसी में आज बड़ा हादसा हो गया। यूनिट 4 में लगे चिमनी में जबरदस्त विस्फोट हो गया। जिससे 5 मजदूर घायल हो गए वहीं एक मजदूर की मौत हो गई। एनटीपीसी प्रबंधन ने मजदूरों को इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गए। मिली जानकारी के अनुसार सीपत स्थित एनटीपीसी में बुधवार को यूनिट 4 में काम चल रहा था। तभी वहां लगे चिमनी में जबरदस्त विस्फोट हो गया। आवाज सुनते ही मजदूर अपनी जान बचाने इधर-उधर भागने लगे। इस हादसे में 5 मजदूर गंभीर रुप से घायल हो गए।

## उत्तरी छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों में बदल सकता है मौसम का मिजाज

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में आगामी चौबीस घंटों के दौरान मौसम मुख्य रूप से शुष्क बना रहेगा। इधर हवा की दिशा बदलते ही राज्य में एक बार फिर से तापमान बढ़ने लगा है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटे के के बाद राज्य में कहीं-कहीं पर मौसम बिगड़ने की संभावना जताई है।



मौसम विभाग के नियमित रिपोर्ट की माने तो कल बना चक्रवाती सिस्टम जो कि दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और इसके आसपास के इलाकों में सक्रिय था आज ऊपरी हवा में 1.5 किमी की ऊंचाई पर उत्तरी राजस्थान और इसके आसपास के इलाकों में सक्रिय है।

इसके अलावा एक अन्य चक्रवाती घेरा भी बन गया है जो कि दक्षिण-पश्चिम राजस्थान से लेकर गुजरात और इसके आसपास के इलाकों में ऊपरी हवा में 0.9 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय बना हुआ है।

# अंतागढ़ कांड : ऑडियो टेप जांच के लिए जाएगी चंडीगढ़!

रायपुर (आरएनएस)। अंतागढ़ प्रकरण में मचे घमासान के बीच जांच दल को ऑडियो टेप सौंप दिया गया है। बताया जाता है कि जांच दल अब इन ऑडियोटेप को जांच के लिए चंडीगढ़ भेज देगी। अंतागढ़ प्रकरण में अब उलझन और बढ़ गई है। प्रकरण की जांच के लिए गठित एसआईटी (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) ने फिरोज सिद्दीकी से पूछताछ करने के बाद तथा उसका बयान दर्ज किए कजाने के बाद दूसरे लोगों से भी पूछताछ की थी। इस बीच फिरोज सिद्दीकी द्वारा ऑडियो टेप वाली पेन ड्राइव एसआईटी को सौंपे जाने की जानकारी सामने आई है।

यह भी जानकारी सामने आ रही है कि मामले में शिकायतकर्ता श्रीमती किरणमयी नायक ने भी ऑडियो टेप जांच दल को सौंप दिया है। एसआईटी अब इन ऑडियो टेप की सत्यता परखने के लिए इसका लैब टेस्ट कराएगी। जानकारों की माने तो ऑडियोटेप की जांच चंडीगढ़ स्थित फॉरेंसिक लैब में होगी। एसआईटी जल्द ही इन ऑडियो टेप को जांच के लिए भेज सकती है।

### तीन गाड़ियों में हुई जबरदस्त टक्कर, कई लोग अस्पताल में भर्ती

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के व्यस्त मार्ग रिंग रोड एक में आज सुबह तीन गाड़ियों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। भाठागांव चौक पर सड़क किनारे खड़ी हाइवा से इनोवा और एक्टिवा जा भिड़ीं। इस टक्कर में जहां इनोवा के परखच्चे उड़ गए वहीं एक्टिवा हाइवा में जा घुसी। सूचना मिलने ही घटना स्थल पर पहुंची पुरानी बस्ती पुलिस ने तत्काल गंभीर रूप से घायलों को इलाज के लिए अस्तपाल भेजा दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हादसे का कारण वाहनों का तेज़ रफ़्तार होना बताया जा रहा है, बहरहाल घायलों की स्थिति सामान्य हैं।

## सरकार के खिलाफ भाजपा ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया

रायपुर (आरएनएस)। राज्य सरकार की दमनकारी बदलापूर राजनीतिक के खिलाफ जिला भाजपा ने आज राजधानी रायपुर के बूढ़ातालाब के पास एक दिवसीय धरना देकर प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में शामिल हुए पूर्व विधायक




श्रीचंद सुंदरानी ने कहा कि राज्य सरकार बदलापुर की राजनीति कर रही है। अंतागढ़ टेपकांड मामले में जब पहले ही हाईकोर्ट का फैसला आ गया फिर दोबारा इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन करना पूरी तरह कानूनी रूप से अवैध है। उन्होंने कहा कि एसआईटी गठन के बाद एक कांग्रेस सदस्य इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई जाती है जो बदले की भावना से की जा रही है।

### एनएमडीसी लौह खदान कर्मचारी की क्रेन से दबकर मौत

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। एनएमडीसी परियोजना क्षेत्र के माइनिंग नंबर 14 में प्रथम पाली में ड्यूटी कर रहे कर्मचारी की क्रेन के पहिए के नीचे दबने से मौत हो गई। थाना प्रभारी डीके बरुवा के अनुसार बचेली निवासी विक्की सोनी माइनिंग में क्रेन ऑपरेटिंग कर रहे थे इस दौरान क्रेन का ब्रेक फेल हो गया।

## रणबीर के मुरीद हुए अमिताभ



बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन, रॉकस्टार रणबीर कपूर के मुरीद बन गये हैं। अमिताभ बच्चन इन दिनों अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में काम कर रहे हैं। फिल्म में अमिताभ के अलावा रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की भी अहम भूमिकायें है। अमिताभ बच्चन किसी की तारीफ या सराहना करने में कभी पीछे नहीं रहते। उन्होंने रणबीर की जमकर सराहना की है और उनके प्रति आभार जताया है।

अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर की है वो एक सेल्फी है जो रणबीर कपूर ने लिया है। इस तस्वीर के साथ अमिताभ बच्चन ने बहुत ही इमोशनल तरीके से अपनी बात रखी है। अमिताभ बच्चन ने लिखा है 'संसार का जीवन रूपी अमृत भेंट, जो आज आपने मुझे दिया, इसके लिए हृदय से आभार। अभी तक शरीर उत्तेजित, उत्कृष्ट और उजागर बना हुआ है। अमिताभ की इन बातों से लगता है कि वह रणबीर के मुरीद हो गये हैं।

### इधर-उधर की नहीं गरीब-किसान-मजदूरों की बात हो : भूपेश बघेल

भवानीपटना-रायपुर (आरएनएस)। एआईसीसी अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ आज ओडिशा दौरे पर गए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विरोधियों पर जमकर निशाना साधा। अपने उद्बोधन में उन्होंने सीधे कहा कि विपक्ष अब इधर-उधर की बातों में लग गया है, करना ही है तो गरीब, किसानों और मजदूरों के हित की बात की जाए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने जो वायदा किया है, उसे एक-एक करके पूरा किया जा रहा है। श्री बघेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश की राजनीति में नए धूमकेतू के रूप में आज राहुल गांधी उदित हुए हैं। ओडिशा और ओडिशावासियों के लिए जो प्रेम और सम्मान स्व. इंदिरा जी और राजीव जी के मन में था, वही प्रेम राहुल गांधी को भी ओडिशा से है। आप सभी वही प्रेम और सम्मान राहुल गांधी पर भी बनाए रखें।

# हर्निया से बचने का घेरलू उपाय जानिए

कई अंग ऐसे होते है जो शरीर में खोखले स्थानों पर मौजूद होते हैं, इन्हीं खोखले स्थानों को बॉडी कैविटी कहा जाता हैं। कभी-कभी बॉडी कैविटी की झिल्लियां फट जाती है, ऐसे में उसके अंदर मौजूद अंग का कुछ भाग बाहर निकल जाता है और इसी विकृति को हर्निया कहा जाता है। हर्निया के कई प्रकार होते है और ये स्त्री या पुरुष किसी को भी हो सकता है।

हर्निया से बचने के 5 घेरलू उपाय -



1 सबसे पहला उपाय तो यह है कि पेट साफ रखें, कब्ज से बचें, ऐसे कार्यो को ज्यादा करने से बचें, जिनसे पेट की मांसपेशियों पर दबाव पड़ता हो। इसके अलावा अपने वजन को संतुलित रखने का प्रयास करें।

2 किसी भी प्रकार की धूम्रपान की आदत को तुरंत अलविदा कह दें। शराब, सिगरेट, तंबाकू आदि के अलावा मांसाहार का सेवन भी बिल्कुल न करें, यह आपकी समस्या को बढ़ा सकता है।

3 अत्यधिक खाने से बचें और चाय, कॉफी एवं कैफीन युक्त अन्य पदार्थों का सेवन करने से बचें। और पानी पीते समय एक बार में बहुत अधिक पानी न पिएं, बल्कि घूंट-घूंट में पान पिएं।

4 खाना खाने के लगभग 1 घंटे बाद, एक गिलास पानी में सेब का सिरका मिलाएं और इसे धीरे-धीरे घूंट-घूंट कर पिएं। दिन में 3 बार जीरे को चबा-चबाकर खाने और ऊपर से गुनगुना पानी पीने से भी लाभ होगा।

5 ऐलोवेरा जूस, अलसी, मेथीदाना आदि का सेवन भी इस समस्या में फायदेमंद होता है। इसके अलावा व्यायाम और पैदल चलना जारी रखें, इससे लाभ होगा।

## मेरा जोश हमेशा हाई रहता है : यामी गौतम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गोवा के मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर और रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण तक - सभी बॉलीवुड फिल्म उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक की पंचलाइन हाउ इज द जोश? का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री यामी गौतम का कहना है कि उनका जोश हमेशा हाई रहता है।



लैक्मे फैशन वीक समर/रिजॉर्ट 2019 में गौरी और नैनिका के लिए रैंप वॉक करने के बाद यामी ने कहा, मेरा जोश हमेशा हाई रहता है। यही मुझे आगे रखता है। फिल्म विक्की डोनर में नजर आई अभिनेत्री अपने जरूरत से ज्यादा बड़े गाउन के कारण कई बार रैंप पर फिसलीं, लेकिन उन्होंने अपना आत्मविश्वास कम नहीं होने दिया।

यह पूछने पर कि यह आत्मविश्वास कहां से आता है, उन्होंने कहा, यह इस तथ्य से आता है कि आप जानते हैं कि यह किसी के साथ भी हो सकता है। मैं पहली नहीं हूं। यहां तक की आपने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कहीं भी देखा होगा, ये चीजें होती रहती हैं। पूरी बात यह है कि चाहे जीवन हो या रैंप, शो चलते रहना चाहिए।

लैक्मे फैशन वीक में प्रशंसकों के एक समूह ने यामी को घेर लिया और चिल्ला कर कहा, हाउ इज द जोश? हाई सर। प्रशंसकों की भीड़ देख यामी काफी खुशी महसूस कर रही थीं। उन्होंने कहा, हम बहुत खुश हैं।

## बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं सपना चौधरी

हरियाणवी डांसर और बिग बॉस फेम सपना चौधरी बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही है। सपना चौधरी बॉलीवुड में भी फ़िल्म 'दोस्ती के साइड इफेक्ट' से डेब्यू कर रही हैं। इस फिल्म में सपना चौधरी पुलिस अफसर की भूमिका में हैं और जबरदस्त एक्शन करती नजर आ रही हैं। 'दोस्ती के साइड इफेक्ट' पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि उन्हें भी जीवन में हर मोड़ पर ऐसे दोस्त मिले हैं, जिन्होंने उन्हें धोखा दिया। लेकिन, यही सबक भी है ज़िंदगी का। सपना बताती हैं कि सारी दुनिया में



दोस्ती ही एक ऐसा रिश्ता है जिसे हम अपनी मर्जी से चुनते हैं। क्योंकि माता-पिता, नाते-रिश्तेदार सब हमारे जन्म के साथ ही हमें मिल जाते हैं। लेकिन, दोस्त हम खुद चुनते हैं, खुद बनाते हैं। और इसलिए जब दोस्त दगा करता है तो तकलीफ ज्यादा होती है।

सपना चौधरी ने कहा कि कुछ लोग मुझे घमंडी कहते हैं और कहते हैं कि सफलता मेरे सिर पे चढ़ गयी है। मैं उनसे कहना चाहूंगी कि मैंने बड़ी मेहनत से अपनी ये पहचान बनाई है और यदि आप भी अपने ऊपर घमंड करना चाहते हैं तो आप भी पहले अपनी एक पहचान बनाइए। मैं अपनी मां से बेहद प्यार करती हूं और आज मैं जो कुछ भी हूं वो मेरी मां की वजह से ही है। यदि मेरी मां आज कहे कि तुम अपना काम-धाम, करियर छोड़ कर घर बैठो तो मैं घर बैठ जाऊंगी।